**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3068**

**3 मई, 2012 को उत्तर के लिए**

## नई इस्पात नीति

3068. श्रीमती गुन्डु सुधारानी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या घरेलू इस्पात उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए मंत्रालय अगले 2-3 महीनों में एक नई इस्पात नीति लाने जा रहा है;

(ख) नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना में विलम्ब को कम करने में इस नीति से कितनी सहायता मिलेगी; और

(ग) प्रस्तावित नीति से भूमि अधिग्रहण आदि से संबंधित मुद्दों का किस हद तक समाधान होगा ?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क): इस्पात मंत्रालय ने मौजूदा राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2005 के स्थान पर एक नई राष्ट्रीय इस्पात नीति तैयार करने का निर्णय लिया है। नई राष्ट्रीय इस्पात क्षेत्र तैयार करने की प्रक्रिया पहले से ही शुरू कर दी गई है। विभिन्न स्टेकहोल्डरों के साथ व्यापक बातचीत के आधार पर नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(ख) और (ग): नई राष्ट्रीय इस्पात नीति में देश के इस्पात क्षेत्र की सुविधा के लिए नए प्रक्षेपण और नीतिपरक दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे। इस नीति में इस्पात क्षेत्र में निवेश करने को प्रोत्साहित करना, प्रौद्योगिकी और आर एंड डी पहलकदमियां, जनशक्ति संबंधी आवश्यकताएं, कच्ची सामग्री की आपूर्ति, अवसंरचनात्मक आवश्यकताएं, भूमि अधिग्रहण, जल आदि जैसे इस्पात क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों का निपटान करने का प्रस्ताव किया गया है।

***********